# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-सूची

-----------

बुधवार, 14 फाल्गुन, शक संवत् 1946

(05 मार्च, 2025)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न (देखिये नत्थी 'क' व 'ख')।

2-प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित निम्नलिखित विधेयक को सदन की मेज पर रखेंगे :-

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2025

(श्री अध्यक्ष ने प्रमाणित किया है कि यह एक धन विधेयक है।)

3-मुख्य मंत्री, दिनांक 02-07-2024 को ग्राम-फुलरई मुगलगढ़ी, थाना-सिकन्दराराऊ, जनपद-हाथरस में श्री साकार नारायण विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में घटित घटना के सम्बन्ध में गृह (पुलिस) अनुभाग-12 की अधिसूचना सं0-U-O-50/छः-पु0-12-2024 लखनऊ, दिनांक 03 जुलाई, 2024 द्वारा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय), मा0 न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त), उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अध्यक्षता में गठित त्रिसदस्यीय हाथरस न्यायिक जांच आयोग द्वारा प्रस्तुत जाँच आख्या खण्ड-1, खण्ड-2 व खण्ड-3 को जाँच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा-3 की उपधारा (4) के अधीन सदन की मेज पर रखेंगे।

4-परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जनपद-मुरादाबाद के परिवहन निगम में तैनात क्षेत्रीय प्रबन्धक श्रीमती ममता सिंह एवं लेखाकार श्री रजनीश सक्सेना तथा कार्यालय सहायक श्री सुनील कुमार के द्वारा किये जा रहे कृत्य के खिलाफ दिये गये पत्र दिनांक 18-10-2024 में उल्लिखित बिन्दुओं की विस्तृत जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही कराकर अविलम्ब वहां से स्थानान्तरित करवाये जाने के सम्बन्ध में डा0 जयपाल सिंह 'व्यस्त' व श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

5-श्री अनूप कुमार गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-गेरावा, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी के निवासियों की ओर से समेकित विकलांग विद्यालय का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ग')

6-श्री अनूप कुमार गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-टिकराहुवां, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'घ')

7-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

8-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

9-उप मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

10-उप मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

11-वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (पंचम् दिवस)।

12–वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

13–वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2025, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

14–राष्ट्र–गान (देखिये नत्थी 'ङ')।

लखनऊ :<br>
बुधवार, 14 फाल्गुन, शक संवत् 1946<br>
(05 मार्च, 2025)

आज्ञा से,<br>
**डा0 राजेश सिंह,**<br>
प्रमुख सचिव।

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| ****1** | **27-2-2025** |

# नत्थी 'क'

बुधवार, दिनांक 05 मार्च, सन् 2025 ई0

---------

## अल्पसूचित प्रश्न

### जनपद-मऊ में सेवाकाल के दौरान मृतक होमगार्डों के आश्रितों के सेवायोजन के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>1 | **1-(क) क्या होमगाड्र्स मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मऊ में कितने होमगार्ड की आकस्मिक मृत्यु सेवाकाल के दौरान हुयी है ?<br><br>(ख) मृतक होमगार्डों के कितने आश्रितों द्वारा मृतक आश्रित पद पर सेवायोजन के लिये आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br><br>(ग) प्राप्त आवेदन-पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी ?<br><br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?<br><br>(ङ) उक्त पर कब तक कार्यवाही करा दी जायेगी ? | होमगाड्र्स राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

-------

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 15-2-2025 |
| *2 | 15-2-2025 |
| *3 | 17-2-2025 |
| *4 | 17-2-2025 |
| *5 | 19-2-2025 |
| *6 | 19-2-2025 |
| *7 | 21-2-2025 |

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| **अतारांकित प्रश्न** | |
| 1 | 12-2-2025 |
| 1 | 22-2-2025 |
| 2 | 22-2-2025 |

# नत्थी 'ख'

बुधवार, दिनांक 05 मार्च, सन् 2025 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### नवम्बर, 2023 में खाद्य एवं रसद विभाग में पूर्ति लिपिक/आशुलिपिक पद से पूर्ति निरीक्षक पद पर पदोन्नति की कार्यवाही के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव 1 — मुख्य मंत्री

*1-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि माह नवम्बर, 2023 में खाद्य एवं रसद विभाग में पूर्ति लिपिक/आशुलिपिक पद से पूर्ति निरीक्षक पद पर पदोन्नति की गयी थी, जिसमें 16 पूर्ति लिपिकों व 05 आशुलिपिकों की पदोन्नति की कार्यवाही नहीं की गयी थी, जिस कारण उक्त कार्मिकों में शासन व सरकार के प्रति रोष व्याप्त है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त कार्मिकों की कब तक पदोन्नति करायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

### ग्राम-मनिहरगवाँ, पो0-सुदामापुर, तहसील-ऊँचाहार, जनपद-रायबरेली के निवासीगण, जो कि होमगाड्र्स कम्पनी में कार्यरत थे, के अपंगता के कारण उनके आश्रितों को सेवायोजित करने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव 2 — होमगाड्र्स राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*2-(क) क्या होमगाड्र्स मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-मनिहरगवाँ, पो0-सुदामापुर, तहसील-ऊँचाहार, जनपद-रायबरेली के निवासीगण, जो कि होमगाड्र्स कम्पनी में कार्यरत थे, के

अपंगता के कारण उनके आश्रितों को सेवायोजित किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 06 नवम्बर, 2024, जो कि प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के क्रम में अब तक कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

(घ) उक्त कार्यवाही कब तक पूर्ण करा दी जायेगी ?

**शासन द्वारा की गई अपेक्षा के अनुसार काम न करने वाले अधिकारियों पर कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरूण पाठक<br>3 | *3-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-1206 सा0प्र0/2023-69 टी0आर0 2022, दिनांक 21-12-2023 द्वारा जिला विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद के जन-प्रतिनिधियों को विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित करने हेतु समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित किया गया था ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो प्रश्नकर्ता को कानपुर देहात में जिला विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक जो दिनांक 27-01-2024 और 23-07-2024 को आहूत की गई थी, जिसमें शासन द्वारा की गई अपेक्षा अनुसार आमंत्रित किया गया था ?

(ग) यदि नहीं, तो शासन द्वारा की गई अपेक्षा के अनुसार काम न करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**राष्ट्रीय राजमार्गों में बने अवैध कटों को बन्द किये जाने तथा इन अवैध कटों के सम्बन्ध में समय-समय पर अपने स्तर से अनुश्रवण/समीक्षा किये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरूण पाठक<br>4 | *4-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को शासनादेश संख्या-1/2024/11/तीस-4-2024, दिनांक 02-01-2024 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों में बने अवैध कटों को बन्द किये जाने तथा इन अवैध कटों के सम्बन्ध में समय-समय पर अपने स्तर से अनुश्रवण/समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो दिनांक 02-01-2024 के पश्चात् कानपुर नगर, कानपुर देहात और उन्नाव जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितने और कौन-कौन से अवैध कटों को बन्द किया गया तथा इस सम्बन्ध में अनुश्रवण/समीक्षा सक्षम अधिकारी स्तर पर कब-कब हुई ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-सहारनपुर में यमुना नदी के दोनों किनारों पर हो रहे अवैध खनन के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>5 | *5-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में यमुना नदी से लगते दोनों किनारों पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के सर्वथा विपरीत बड़ी-बड़ी पोकलैण्ड मशीनों का प्रयोग करते हुये बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है, जिसके कारण कई बार यमुना नदी का बहाव मार्ग तक बदल जाने के कारण आई बाढ़ के कारण भारी जन व धन की हानि हुई है ? | मुख्य मंत्री |

(ख) क्या जनपद सहारनपुर में अवैध खनन का पता लगाने के लिए किसी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं ?

(ग) पिछले पांच वर्षों में वर्षवार उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर में अवैध खनन के कितने मामले सामने आए हैं तथा कितनी एफ0आई0आर0 दर्ज की गयी हैं ?

(घ) जनपद सहारनपुर में पिछले पांच वर्षों में अवैध खनन के कारण सरकारी खजाने को कितने राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है ?

**उप निदेशक, कारखाना मण्डल व जिले में कितने वर्षों तक तैनात किये जाते हैं, के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>6 | *6-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि उप निदेशक, कारखाना मण्डल व जिले में कितने वर्षों तक तैनात किये जा सकते हैं ? | श्रम एवं सेवायोजन मंत्री |

(ख) मेरठ मण्डल के किन-किन जिलों में कौन-कौन से उप निदेशक कारखाना हैं ?

(ग) उनके नाम क्या हैं तथा वे जिलों में कितने वर्षों से तैनात हैं ?

**प्रदेश के कारागारों में संचालित शैक्षिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 7 — कारागार मंत्री

*7-(क) क्या कारागार मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के कारागारों में शैक्षिक कार्यक्रम भी संचालित किये जाते हैं ?

(ख) यदि हाँ, तो उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद् एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था की परीक्षा-2021-22 से लेकर 2023-24 तक कितने बन्दी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्कूल में क्रमवार कितने उत्तीर्ण हुए ?

(ग) हाई स्कूल बन्दी परीक्षार्थी में से इण्टर कक्षाओं में पंजीकृत होने वाले परीक्षार्थियों की क्रमवार कितनी संख्या है ?

(घ) ऐसे बन्दियों को परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराने की व्यवस्था क्या है ?

(ङ) क्या जिला कारागार सिद्धार्थनगर में बन्दी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**[माननीय मंत्री जी के अनुरोध पर परिषद् की दिनांक 19-02-2025 की बैठक में स्थगित अतारांकित प्रश्न]**

श्री आशुतोष सिन्हा 1 — मुख्य मंत्री

1-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ के मण्डलों के अन्तर्गत दिनांक 31 जनवरी, 2024 से दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक कितने लोगों को खाद्य एवं रसद विभाग की प्रचलित योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है ?

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**अतारांकित प्रश्न**

श्री पवन कुमार सिंह 1 — परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

1-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में बिसवां-लहरपुर मार्ग पर परिवहन निगम की बसों का संचालन न होने के कारण जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ता है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त मार्ग पर बस का संचालन करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>2 | 2-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ में सीतापुर रोड पर मड़ियांव ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन पर अनधिकृत रूप से वाहनों की पार्किंग से जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ता है ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त मार्ग को अनधिकृत वाहनों से खाली करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

------

# नत्थी 'ग'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद-बाराबंकी के अन्तर्गत विकास खण्ड-हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत-गेरावा में समेकित विकलांग विद्यालय बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण ग्राम पंचायत-गेरावा, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जिला-बाराबंकी के मूल निवासी हैं। हमारे ग्राम पंचायत-गेरावा में दूर-दूर तक कोई विकलांग विद्यालय न होने के कारण वहाँ के छात्र/छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए हम सब पिछले कई वर्षों से समेकित विकलांग विद्यालय बनवाये जाने हेतु प्रयासरत हैं, किन्तु इस ओर कोई सफलता नहीं मिल सकी। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि ग्राम पंचायत-गेरावा में समेकित विकलांग विद्यालय बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'घ'

**याचिका की प्रतिलिपि**
**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद-बाराबंकी के अन्तर्गत विकास खण्ड-हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत-टिकराहुवां में बूढ़ीमेर रोड से गढ़ी तक आर0सी0सी0 सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण ग्राम पंचायत-टिकराहुवां, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जिला-बाराबंकी के मूल निवासी हैं। हमारे ग्राम पंचायत-टिकराहुवां में बूढ़ीमेर रोड से गढ़ी तक आर0सी0सी0 सड़क बनवाया जाना अति आवश्यक है। उक्त मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण वहाँ के निवासियों को मार्ग पर चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा गांव के निवासियों द्वारा उक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने हेतु स्थानीय प्रशासन से कई बार प्रार्थना-पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि ग्राम पंचायत-टिकराहुवां में बूढ़ीमेर रोड से गढ़ी तक आर0सी0सी0 सड़क निर्माण कराये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

नत्थी 'ङ'

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।
भारत-भाग्य-विधाता।।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग।।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे।।
गाहे तव जय गाथा।।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य-विधाता।।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे।।

------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) द्वारा मुद्रित।